# NOTE FOR JUSTIFICATION

**परियोजना का नामः– जनपद अल्मोड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित दाड़िमखोला से सकनियाकोट लिंक मोटर मार्ग स्टेज प्रथम (लम्बाई 5.750 किमी0) के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

जनपद अल्मोड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत दाड़िमखोला से सकनियाकोट लिंक मोटर मार्ग के नव निर्माण शासनादेश सं0 1798/डी0पी0आर0/यू0आर0आर0डी0ए0/18, दिनॉक–20 सितम्बर 2018 द्वारा 5.750 कि0मी0 लम्बाई हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसके क्रम में उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कराया जाना है। उक्त मोटर मार्ग के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः–

1. इस मार्ग में 0.00 मी0 में आरक्षित वनभूमि, 0.00 मी0 लम्बाई में वन पंचायत भूमि, 650 मी0 लम्बाई में सिविल सोयम भूमि तथा 5100 मी0 लम्बाई में नापभूमि से होकर गुजरता है।
2. इस मार्ग के निर्माण से ग्राम सभा मल्ला बिन्तोला (जनसंख्या–268) प्रत्यक्ष रूप से लाभन्वित होगी।
3. मार्ग निर्माण 7.00 मी0 की चौड़ाई में किया जायेगा, इस हेतु मार्ग निर्माण हेतु 7.00 मी0 की चौड़ाई में वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्तावित किया गया है।
4. मार्ग निर्माण हेतु समस्त ग्राम वासियों से विचार विमर्श कर एवं मार्ग में पड़ने वाले पेड़ों की संख्या न्यूनतम रखते हुए समरेखन तैयार किया गया है, जो कि अधीक्षण अभियन्ता महोदय से स्वीकृत है।
5. **इस मार्ग हेतु अन्य कोई वैकल्पिक समरेखण उपयुक्त नहीं है।**

मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन की सुविधा के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य कृषि एवं रोजगार से सम्बन्धित सुविधाओं को प्राप्त करने मे सुगमता प्राप्त होगी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का लाभ भी ग्रामवासियों को प्रभावी तरीके से प्राप्त हो सकेगा। जो कि परियोजना के गरीबी उन्मूलन के मूलभूत उद्देश्य की पूर्ति कर पायेगा।

अतः प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित है।

सहायक अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड
लो0नि0वि0 अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड
लो0नि0वि0 अल्मोड़ा